शनिवार
13 अगस्त 2022



पृष्ठ 4
जिम में स्टैमिना बढ़ाने के लिए वर्कआउट से पहले लें ये 8 फूड्स



पृष्ठ 5
सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र यादव पर फिल्म बनाएंगी चित्रांगदा



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 187
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

चाहे गुरु पर हो या ईश्वर पर, श्रद्धा अवश्य रखनी चाहिए। क्योंकि बिना श्रद्धा के सब बातें व्यर्थ होती हैं।
– समर्थ रामदास

# दून के आर्म्स डीलर भी अब शक के दायरे में!

संवाददाता

देहरादून। दिल्ली में दून के आर्म्स डीलर के पकडे जाने के बाद एक बडा खुलासा हुआ कि किस तरह यह आर्म्स डीलर अपने इस गोरखधंधे को अंजाम दे रहे हैं। जिसके बाद से दून के अन्य आर्म्स विक्रेता भी शक के दायरे में आ गये हैं। जिला प्रशासन ने अगर इनकी जांच की तो कई परीक्षित जेल में जा सकते हैं।

गौरतलब है कि गत दिवस दिल्ली पुलिस ने दून के एक आर्म्स डीलर सहित छह लोगो को 2251 कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया। यह कारतूस गैंगस्टरों को देने के लिए ले जाये जा रहे थे। इस घटना से यह बात भी सामने आयी कि दुकान में एक कारतूस को एक सौ से डेढ सौ रूपये में बेचकर पैसे कमाने से अधिक गैगेस्टरों को बेचने में फायदा है। परीक्षित नेगी ने यह 2251 कारतूस पांच लाख रूपये में बेचे थे जिसके अनुसार एक कारतूस की कीमत लगभग 222 रूपये आती है जोकि काफी फायदे का सौदा था। यहां एक बात और सामने आयी कि परीक्षित इन कारतूसों के लिए



●जांच हुई तो कई जायेंगे जेल

अपने दस्तावेजों से छेडछाड कर इनको दून के ही अन्य आर्म्स डीलर को बेचना दर्शाकर इसकी स्मलिंग करता था। इस घटना के बाद दून के अन्य आर्म्स डीलर भी शक के दायरे में आ गये हैं। क्योंकि परीक्षित तो एक छोटी मछली है यहां तो उससे भी बडे आर्म्स डीलर मौजूद हैं तो फिर उनके दस्तावेजों में भी कुछ तो घालमेल हो सकता हैं। आलम यह है कि दून के कई आर्म्स डीलर आम ग्राहक को कारतूस का स्टॉक न होने के बहाने बनाते हैं और जब किसी को देना ही पड जाये तो उसके दुगने से तीन गुना दाम वसूले जाते हैं। यहां यह भी देखने को मिला है कि कोई भी आर्म्स डीलर अपने स्टॉक का डिस्प्ले नहीं करता कि उसके पास वर्तमान में कितने कारतूस पडे हैं। जबकि इसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की बनती है कि वह इस बात को चेक करके आर्म्स डीलर को आदेशित करे कि वह अपने यहां मौजूद कारतूसों की संख्या को डिस्प्ले करे। यहां यह भी है कि कारतूस खरीदने की एक सीमा होती है कि एक लाईसेंस धारक एक साल में मात्र बीस कारतूस ही खरीद सकता है उससे ऊपर उसको कारतूस नहीं दिये जा सकते हैं। लेकिन वहीं रसूखदार व्यक्ति एक बार में बीस से तीस कारतूस खरीदता है और उसको वह दे भी देते हैं। तो फिर वह भी अपने दस्तावेजों में हेरफेर करता ही होगा। जबकि जिलाधिकारी के यहां मौजूद अस्लाह बाबू के पास आये दिन आर्म्स डीलर अपने दस्तावेजों की जांच कराने जाते हैं तो फिर क्या अस्लाह बाबू को इनकी हेराफेरी दिखायी नहीं देती या फिर वह जानबूझकर अनदेखा कर देता हैं।

इस मामले की भी जांच होनी चाहिए कि अपनी सीट में बैठे अस्लाह बाबू को इनकी हेराफेरी क्यों दिखायी नहीं देती।

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर


यूकेएसएसएससी पेपर लीक प्रकरण

# एसटीएफ ने किया पूरे खेल के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने पूरे मामले के सरकारी नौकरियों का सौदागर कहे जाने वाले मास्टरमाइंड को उत्तरकाशी से गिरफ्तार कर लिया। जिससे मिली जानकारी के बाद उत्तर प्रदेश के लिए टीमें रवाना कर दी गयी हैं।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 में 4 व 5 दिसम्बर को उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा स्नातक स्तरीय परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें 160000 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी तथा 916 अभ्यर्थी चयनित हुए थे। इस परिक्षा पर कई संगठनों ने गडबडी का आरोप लगाया था जिसके बाद मुख्यमंत्री के आदेश पर मामले में रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच एसटीएफ को सौप दी गयी थी। एसटीएफ ने जांच के दौरान अभी तक 16 लोगों को गिरफ्तार किया था जिसमें न्यायालय के कर्मचारियों सहित प्रिंटिंग प्रेस के कर्मचारी भी मौजूद थे।



एसटीएफ ने जांच की तो पता चला कि उत्तराखण्ड नकल माफियाओं के तार उत्तर प्रदेश के शातिर लोगों के साथ जुडे हैं। यह अन्तर्राज्यीय नकल माफिया का गठजोड़ है। आज एसटीएफ ने सरकारी नौकरियों का सौदागर कहे जाने वाले मास्टरमाइंड के मुख्यकर्ता लो लम्बी पूछताछ और पुख्ता अहम साक्ष्यों के आधार पर तनुज शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। तनुज राजकीय इंटरमीडिएट कालेज नेटवाड मोरी उत्तरकाशी में टीचर के पद पर कार्यरत है। अजय सिंह ने बताया कि एसटीएफ ने सैकडों नकलची अभ्यर्थी चिन्हित कर लिये हैं सभी एक ही क्षेत्र के निवासी हैं जिनकी गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ की टीमें उत्तर प्रदेश के लिए रवाना कर दी गयी हैं।

# पीएम मोदी ने कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों से की मुलाकात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने निवास पर बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात की। राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने 22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य समेत कुल 61 पदक जीते। खिलाड़ियों के साथ मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री ने संबोधन के दौरान कहा कि भारत और तिरंगे की ताकत अब पूरी दुनिया देख रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तिरंगे की ताकत क्या होती है, ये हमने कुछ समय पहले ही यूक्रेन में देखा है। तिरंगा युद्धक्षेत्र से बाहर निकलने में भारतीयों का ही नहीं बल्कि दूसरे देशों के लोगों के लिए भी सुरक्षा कवच बन गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, बीते कुछ हफ्तों में देश ने खेल के मैदान में दो बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स में ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ-साथ देश ने पहली बार चेस ओलंपियाड का आयोजन किया है। कॉमनवेल्थ गेम्स शुरू होने से पहले मैंने आप सभी से कहा था कि जब आप लौटेंगे तो हम सभी मिलकर विजयोत्सव मनाएंगे। मेरा विश्वास था कि आप विजयी होकर आने वाले हैं और मेरा मैनेजमेंट भी था कि कितनी ही व्यस्तता होगी, आप लोगों के बीच समय निकालूंगा और विजयोत्सव मनाऊंगा। आप सभी तो वहां मुकाबला कर रहे थे, लेकिन यहां करोड़ों भारतीय रतजगा कर रहे थे। देर रात तक आपके हर एक्शन, हर मूव पर देशवासियों की नजर थी। बहुत से लोग अलार्म लगाकर सोते थे कि आपके प्रदर्शन का अपडेट लेंगे।

# पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड-19 के करीब 16 हजार नए मामले आए

नई दिल्ली । भारत में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड-19 के करीब 16 हजार नए मामले सामने आए और संक्रमण से 68 मरीजों की मौत हो गई। मौत के इन 68 मामलों में 24 ऐसे लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम आंकड़ों का पुन:मिलान करते हुए केरल ने संक्रमण से हुई मौत की सूची में डाले हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार को अद्यतन किए गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। शनिवार सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के मुताबिक गत 24 घंटे के दौरान उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 4,271 की कमी आई है, अब उपचाराधीन मरीजों की संख्या 1,19,264 रह गई है। जो कुल मामलों



का 0.27 प्रतिशत है। आकंड़ों के मुताबिक कोविड-19 के 15,815 नए मामले सामने आने के साथ देश में अबतक संक्रमित हुए लोगों की कुल संख्या 4,42,39,372 हो गई है जबकि 68 लोगों की मौत से महामारी में जान गंवाने वालों की कुल संख्या 5,26,996 तक पहुंच गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोविड-19 से उबरने की राष्ट्रीय दर 98. 54 प्रतिशत है। आंकड़ों के मुताबिक दैनिक संक्रमण दर 4.36 प्रतिशत जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.79 प्रतिशत है। कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। मंत्रालय ने बताया कि अबतक 4,35,93,112 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। कोविड-19 से बचाव के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे टीकाकरण अभियान के तहत अबतक 207.71 करोड़ खुराक दी जा चुकी है। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी।

पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# पर्यटन प्रदेश के लिए बेहतरीन सड़कें जरूरी

किसी भी प्रदेश के लिए अच्छी सड़कों को विकास का पहला मापदंड माना जाता है। यह सच है कि पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक जटिल परिस्थितियों में सड़कों को बनाना और उनको संरक्षित रखना दोनों ही जटिल काम है। लेकिन आज के तकनीकी युग में यह काम बहुत मुश्किल भी नहीं रह गया है। उत्तराखंड राज्य बनने से लेकर अब तक इस दिशा में राज्य सरकारों के स्तर पर कोई बड़ी पहल नहीं होने का ही नतीजा है कि आज भी राज्य की सड़कें बदहाल स्थिति में है। राज्य में आज जहां भी थोड़ी बहुत ठीक सड़के दिखाई दे रही हैं हैं वह केंद्र की देन है। केंद्र के द्वारा राज्य में ऑल वेदर रोड का निर्माण किया जा रहा है लेकिन इन रोडो का भी मानसूनी मौसम में बुरा हाल हो रहा है कहीं भूस्खलन के कारण यह सड़कें बंद हो रही हैं तो कहीं पानी के बहाव से सड़कें बह रही हैं जिसके चलते आवागमन में परेशानी हो रही है।

उत्तराखंड राज्य गठन के बाद सूबे के नेताओं द्वारा राज्य को एक पर्यटन राज्य के रूप में विकसित करने का अच्छा खाका तो खींचा गया था लेकिन उस पर दृढ़ शक्ति से कभी काम नहीं किया जा सका। राज्य में सिर्फ हिंदुओं की आस्था का केंद्र रहे चार धाम ही नहीं हेमकुंड साहिब सहित अनेकों दर्जनों धार्मिक स्थल ऐसे हैं जो राज्य में धार्मिक पर्यटन को उन्नति के शिखर पर पहुंचा सकते हैं। यही नहीं फूलों की घाटी से लेकर ओली तक अनेक ऐसे प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण स्थल है जो पर्यटकों को आकर्षित करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं लेकिन राज्य में आवागमन के बेहतर संसाधनों के अभाव के कारण आज भी सूबे का पर्यटन हाशिए पर ही है। राज्य में सड़कों की बदहाली स्थिति का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि खुद राजधानी देहरादून की सड़कें बरसाती सीजन के समय पर बदहाल हालत में है। राज्य में रेल सेवा आज भी वही है जहां अंग्रेजों के समय में थी हालांकि अब केंद्र सरकार द्वारा कराये जा रहे ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल मार्ग का निर्माण अब एक अलग बात है। वही हवाई सेवाओं का हाल भी कुछ अच्छा नहीं है बीते एक दशक से राज्य में थोड़ा विकास होता दिखा है जब पंतनगर, हल्द्वानी और देहरादून जैसे शहरों को हवाई मार्ग से जोड़ा गया। सूबे के नेताओं द्वारा अलग राज्य बनने के बाद विकास के बड़े-बड़े दावे करने में कोई कमी नहीं छोड़ी गई लेकिन उन्होंने धरातल पर काम कितना किया यह सब जानते हैं। अगर राज्य सरकार ने थोड़ी सी भी दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाई तो इसमें कोई शक नहीं है कि उत्तराखंड को विश्व मानचित्र पर केरल की तरह पर्यटन राज्य बनने में बहुत अधिक समय नहीं लगेगा।

# सवाल तो जायज है

करीब एक हफ्ते तक चली 5-जी स्पेक्ट्रम की नीलामी से केंद्र सरकार की 1.5 लाख करोड़ रुपयों की आमदनी होगी। यानी बाजार ने इसकी यही कीमत लगाई। तो सहज ही कई हलकों से यह सवाल उठाया गया कि आज से तकरीबन 12 साल पहले हुई 2-जी स्पेक्ट्रम की नीलामी पर तत्कालीन सीएजी एक लाख 76 हजार करोड़ रुपये के अनुमानित नुकसान के निष्कर्ष पर कैसे पहुंचा था। अगर आज की कीमतों पर 5-जी स्पेक्ट्रम की कुल कीमत डेढ़ लाख करोड़ रुपये है, तो उस समय 2-जी स्पेक्ट्रम की कीमत दो लाख करोड़ से भी ज्यादा (जो रकम सरकारी खजाने में आई और जो कथित तौर पर नुकसान हुआ) कैसे हो सकती थी? ये मामला इसलिए बेहद गंभीर है, क्योंकि 2-जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में हुए कथित घोटाले से ही यूपीए सरकार के पतन की शुरुआत हुई थी। इस उठाए गए सवाल के पीछे यह सोच अनिवार्य रूप से मौजूद है कि वह सारा मामला बनावटी था और उसके पीछे उन कॉरपोरेट घरानों और राजनीतिक ताकतों का हाथ था, जो यूपीए को सत्ता से हटाना चाहते थे। उस कथित घोटाले से संबंधित मुकदमे पहले ही कोर्ट में खारिज हो चुके हैं।




तो अब यह विचारणीय है कि आखिर लोकतंत्र में कौन-सी ताकतें प्रचार और संगठन की ऐसी क्षमता रखती हैं, जो मामलों को गढ़ कर पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पटरी से उतार दें? अब वो समय वापस नहीं लाया जा सकता। इसके बावजूद ऐसी घटनाओं और परिघटनाओं पर जरूर चर्चा होनी चाहिए, ताकि आखिरकार इतिहास अपना सही फैसला दे सके। इस बार की नीलामी में भुगतान के लिए कंपनियों को एक विशेष सहूलियत दी गई है। कंपनियां भुगतान 2० सालाना किस्त में कर सकेंगी। हर साल किस्त को साल की शुरुआत में अग्रिम राशि के रूप में जमा कराना ना होगा। 1० सालों बाद स्पेक्ट्रम को वापस लौटाने का भी विकल्प खुल जाएगा। स्पष्टतः ये शर्तें कॉरपोरेट सेक्टर के मनमाफिक हैं। अब प्रश्न यह है कि अगर तब की सरकार पर क्रोनी कैपिटलिज्म में शामिल होने का आरोप लगा था, तो ऐसी शर्तों को क्या कहा जाएगा? (आरएनएस)

# अभयमठ शक्तिपीठ मन्दिर में किया गया तिरंगा वितरण

संवाददाता

देहरादून। अभयमठ शक्तिपीठ मन्दिर में महंत श्री श्री 108 रविन्द्र पुरी महाराज के दिशा निर्देश में झण्डा वितरण किया गया।

आज यहां भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वाहन पर श्री श्री 108 महंत रविन्द्र पुरी महाराज, अध्यक्ष श्री अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, सचिव, श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के दिशानिर्देश पर अभयमठ शक्तिपीठ मंदिर परिवार से जुड़े भक्तों को झंडा वितरण सुनील उनियाल गामा, महापौर, विनय गोयल प्रदेश प्रवक्ता भाजपा एवं मुख्य संरक्षक, अभयमठ महिला मंडल और दिगंबर राजेश पुरी महाराज के कर कमलों द्वारा वितरण किया गया।

श्री अभय मठ के प्रांगण में सभी श्रद्धालु और गणमान्य लोगों के साथ महापौर सुनील उनियाल गामा एवं विनय गोयल द्वारा ध्वजारोहण किया गया,ध्वज को सलामी दी गई,राष्ट्रगान गाया। इसके पश्चात मठ के व्यवस्था समिति महिला मंडल की अध्यक्षा रीना मेहंदी रत्ता,सचिव प्रशांत,दिगंबर राजेश पुरी ने मेयर सुनील उनियाल गामा,विनय गोयल,वरिष्ट पत्रकार गोपाल सिंघल को अंगवस्त्र पहना कर एवम् प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। गामा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे लिए बहुत सौभाग्य की बात है की हमे आजादी के हीरक जयंती समारोह मानने का अवसर मिला है,हमारे प्रधानमंत्री धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने हम सब को



तिरंगे झंडे को अपने घर, प्रतिष्ठान पर फहराने का अवसर दिया है। उन्होंने बताया की नगर निगम फ्री झंडा वितरण कर रहा है यदि किसी को झंडा न मिल पाए तो निगम से ले सकते है। उन्होंने मठ के महंत रविंद्र पुरी और दिगंबर राजेश पुरी का आभार व्यक्त किया की यह पहला अवसर है जब मंदिर में प्रसाद के रूप में तिरंगा मिल रहा है,इसका श्रेय उन्होंने प्रधानमंत्री को दिया जिनकी प्रेरणा से यह अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। विनय गोयल ने कहा की आजादी का अमृत महोत्सव मनाना हमारे लिए गर्व की बात है हम आजादी के सेनानियों शहीदों और उन सब के प्रति कृतज्ञ है,जिनके बलिदान से हमे आजादी मिली। उन्होंने झंडा फहराने के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा की यदि हमारे आस पड़ोस में किसी के घर झंडा ना हो तो उसको उपलब्ध कराना चाहिए,हमारा सौभाग्य है कि आज धर्मस्थलों पर भी स्वतंत्रता आंदोलन की भांति देशभक्ति की लहर चल रही है और भारत माता की जय जयकार के साथ राष्ट्रीय ध्वज वितरित किये जा रहे हैं ।तिरंगा वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाने के लिए दिगंबर राजेश पुरी महाराज और अभय मठ की महिला मंडल को बहुत बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया। राजेश पुरी महाराज ने सभी को मिष्ठान वितरण किया और सभी को धन्यवाद और आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में शिखर कुच्छल , सचिव प्रशांत शर्मा, कोषाध्यक्ष कमलेश गोयल, राकेश मित्तल, अजय गुलाठी, प्रदीप मित्तल, नवीन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# अल्पसंख्यक मोर्चा ने उत्साह के साथ घर-घर तिरंगा लहराया

संवाददाता

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा ने अपने क्षेत्र में प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराया।

आज यहां अंबेडकर नगर मंडल धमावाला वार्ड 26 में अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं क्षेत्रीय भाजपा पार्षद प्रत्याशी रहे रईस अंसारी के नेतृत्व में अपने क्षेत्र में हर घर



तिरंगा तिरंगा लगाया। मुख्य अतिथि के रूप में मोहम्मद शाहिद राज्य आंदोलनकारी उपस्थित रहे जिसमें बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समाज एवं क्षेत्रीय लोग शामिल हुए और पुष्प वर्षा कर आजादी के जश्न में डूबे देशभक्तों का स्वागत किया गया। आजादी के बाद भारत देश के 75 वर्ष पूर्ण होने पर स्वतंत्रतादिवस पर पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड भाजपा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दिशा निर्देष्ठा प्रदेष्ठा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट जी दिष्ठा निर्देश महानगर अध्यक्ष सीताराम भट्ट अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन के नेतृत्व में घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा आजादी का अमृत महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है मोहम्मद शाहिद ने तिरंगा फहराने के संबंध में जानकारी दी और किस तरह तिरंगे का सम्मान करना है उसके बारे में लोगों को जागरूक किया। रईस अंसारी ने अपने विचार रखे पूरा देश आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों का स्मरण कर रहा है।

भारत की स्वतंत्रता के लिए शहादत व अहम योगदान देने वाले हमारे क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानियों की वीर गाथाएं युवा पीढ़ी को प्रेरणा देती रहेंगी। इस अवसर पर सुमित सहगल, सिमरन दिनेश अरोड़ा, अमजद, तौसीफ, सीमा गांधी, धर्मेंद्र, जतिन, अमित, रेखी, अमजद अनस इम्तियाज एहसान कुरेशी सभी ने स्वतंत्रता दिवस की एक दूसरे को शुभकामनाएं दी बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

प्र वो यज्ञेषु देवयन्तो अर्चन्द्यावा नमोभिः पृथिवी इषध्यै।
येषां ब्रह्माण्यसमानि विप्रा विष्वग्वियन्ति वनिनो न शाखाः।।

(ऋग्वेद ७-४३-१)

विद्वानजन जैसे वृक्ष की शाखाएं चारों तरफ फैलती हैं उसी तरह चारों ओर ज्ञान-विज्ञान का प्रचार-प्रसार कर लोगों को लाभान्वित करें। गृहस्थों को चाहिए कि ऐसे विद्वानों को खाद्यान्न आदि देकर निरंतर प्रसन्न रखें।

As the branches of a tree spread all around, so the scholars, in the same way, spread knowledge and science all around for the benefit of the people. The householders should keep such scholars happy by giving them food grains, etc. (Rig Veda 7-43-1)

# चोपड़ा ने घर-घर तिरंगा मिशन को सफल बनाने का किया आह्वान

कार्यालय संवाददाता



हरिद्वार। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव को भव्य व दिव्य मनाये जाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अपने नई दिल्ली तीन दिवसीय कार्यक्रम में 'मैं भारत हूं' मुहिम को सार्थक करते हुए पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय चोपड़ा द्वारा लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर लोकसभा प्रांगण में संविधान के निर्माता बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति के सन्मुख राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हाथ में लेकर आगामी 15 अगस्त घर-घर तिरंगा मिशन को सफल बनाने के लिए जन जागरण संदेश दिया।

'मैं भारत हूं' फाउंडेशन द्वारा देश के सभी राज्यों में मुहिम चलाई जा रही है इंडिया का नाम बदल कर भारत नाम ही दोहराया जाए इतिहास में भी हमारे देश का नाम आर्यावर्त भारत ही दोहराया जाता था इंडिया नाम अंग्रेजी हुकूमत के दौरान अंग्रेजी शासकों द्वारा रखा गया था इसीलिए भारतवर्ष में 75वें आजादी के अमृत महोत्सव के आयोजन में मैं भारत हूं यह मुहिम भी चलाई जा रही है। इस अवसर पर पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा मैं भारत हूं फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही मुहिम का उत्तराखंड राज्य की ओर से वह पूर्ण समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा मोदी और योगी के नेतृत्व में बहुत से क्षेत्र जो कि प्राचीन काल से इतिहास द्वारा नामचीन स्थलों को पुन: अपने स्वरूप में लौट आने का प्रयास किया जाता रहा है जिसमें इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज किया गया, गुड़गांव का गुरुग्राम किया गया, कई रेलवे स्टेशन सहित सिलावट मार्ग के नाम भी पौराणिक इतिहास से जोड़ते हुए बदले गए इसीलिए इंडिया नाम अंग्रेजों की देन है इसे पूर्णता विराम लगा कर भारत ही दोहराये जाना न्यायसंगत होगा।

# मानव श्रृंखला बनाकर किया तिरंगा रैली का आयोजन

नगर संवाददाता

रुद्रप्रयाग। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के नेतृत्व एवं निर्देशन में जनपद के सभी विभागों द्वारा अपने-अपने स्तर से आम जनमानस को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए जागरुक किया जा रहा है।



आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में आज बाबा केदारनाथ धाम में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व मन्दिर समिति के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित कर केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों एवं केदारनाथ धाम मे यात्रा व्यवस्था में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों, तीर्थ पुरोहितों व व्यापारियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर कर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ केदारनाथ मंदिर परिसर से किया गया। तिरंगा रैली कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हर घर तिरंगा फहराये जाने के लिए जनपद वासियों सहित प्रदेश वासियों को जागरूकता संदेश दिया गया जिससे सभी लोग इस राष्ट्रीय पर्व में शामिल होकर अपने घरों में तिरंगा अवश्य फहराये।

जिला मुख्यालय रूद्रप्रयाग में शिक्षा विभाग के तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र छात्राओं ने नगर में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों द्वारा अपने घरों में तिरंगा लगाने के लिए तिरंगा झंडा उपलब्ध कराने के साथ साथ लोगों को सभी घरों मे 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज लगाये जाने के लिए जागरुक किया गया।

# देश के गर्व, शक्ति एवं गौरव का प्रतीक है तिरंगा: ऋतु खंडूड़ी

संवाददाता



कोटद्वार। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खुडूडी भूषण ने तिरंगा यात्रा के दौरान कहा कि तिरंगा हमारेदेश के गर्व, शक्ति एवं गौरव का प्रतीक है।

आज यहां आजादी के महोत्सव पर कोटद्वार में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण की अगुवाई में तिरंगा पदयात्रा निकाली गई। इस दौरान पूर्व सैनिक, शिक्षकों, डाक्टर, अधिकारियों, कार्यकर्ताओं, स्कॉट गाइड, स्कूल के बच्चों एवं हजारों की संख्या में स्थानीय लोगों ने भारत माता की जय व वंदे मातरम् के उदघोष तिरंगा जागरूकता पदयात्रा निकाली और हर घर तिरंगा फहराने की अपील की। हर घर तिरंगा अभियान के तहत कोटद्वार में संगम रिजॉर्ट, देवी मन्दिर से मालवीय उद्यान तक तिरंगा पदयात्रा का अयोजन किया गया। पद यात्रा मालवीय उद्यान में समाप्त हुई जहा पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस पदयात्रा के के दौरान प्रत्येक व्यक्ति के मन में तिरंगे के लिए सम्मान एवम जज्बा दिखाई दे रहा था।

भारत माता के नारों से पूरा कोटद्वार क्षेत्र गुंजायमान हो बैठा। महिला, पुरुष, बुजुर्ग एवं बच्चों ने पैदल चल कर घर-घर तिरंगा लगाने के लिए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान स्कूल के बैंड पर देशभक्ति गीतों के साथ प्रत्येक व्यक्ति आजादी के इस उत्सव पर झूम रहा था। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि तिरंगा झंडा जिस शान से लहराता है उसे देखकर हर भारतवासी का हृदय भावों से भर जाता है। देश के प्रति समर्पण और प्रेम का संचार मन में होता है। यह तिरंगा झंडा ही है जिसको देखकर सैनिक सीमा पर पूरे साहस के साथ तैनात रहते हैं और दुश्मनों के छक्के छुड़ाते रहते हैं। अपनी जान की भी परवाह नहीं करते ऐसा अदम्य साहस भारतीय तिरंगा के दम पर ही सैनिकों के भीतर पैदा होता है। उन्होंने कहा की आमजन के मन में राष्ट्रीयता की भावना का संचार तिरंगा के माध्यम से हो रहा है। आंखों के लिए सामने लहराता राष्ट्रीय तिरंगा और मन में देश के लिए कुछ कर गुजरने का संकल्प भारत को नया भारत बना रहा है।

भारतीय राष्ट्रीय ध्वज 21वीं सदी के इस दौर में विकास मंत्र बन गया है। तिरंगा पदयात्रा के प्रारंभ होने से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने सिद्धबली बाबा के मंदिर पहुंचकर माथा टेका एवं पूजा अर्चना कर आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की साथ ही मंदिर परिसर में तिरंगा भी लहराया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री राजेंद्र अंथवाल, मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला, जिला महामंत्री जंग बहादुर, नगर अध्यक्ष सुनील गोयल, पूर्व जिला महामंत्री वीरेंद्र रावत, अनिल भोला, उमेश त्रिपाठी, संग्राम सिंह भंडारी, राज गौरव नौटियाल, सुधा नौटियाल, अमित भारद्वाज, शांतनु रावत, कर्नल राजेंद्र बड़थ्वाल, कैप्टन गजेंद्र धस्माना, डीपी नौटियाल, शशि नैनवाल, मनोज पांथरी, चंद्रमोहन जसोला, विपिन कैंथोला, बिना रावत रानी नेगी, शशि खंतवाल, सुनीता नेगी, शर्मिला, हिमानी बलूनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# 'हर घर तिरंगा, हर घाट तिरंगा' मुहिम के तहत निकाली तिरंगा रैली

कार्यालय संवाददाता





उत्तरकाशी। गंगा विचार मंच उत्तराखंड की तरफ से आज 13 अगस्त को उत्तरकाशी में 'हर घर तिरंगा हर घाट तिरंगा' की मुहिम के साथ माँ गँगा के मायके उत्तरकाशी मे शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए नमामि गंगे योजना के तहत निर्मित मणिकर्णिका घाट तक तिरंगा रैली निकाली गई।

माँ गँगा जी स्वच्छता में जुटे कार्यकर्ताओं व गोस्वामी गणेशदत्त विद्या मंदिर इंटर कालेज के छात्रों संग सभी लोगों ने माँ गँगा जी के किनारे नमामि गंगे घाट पर तिरंगा फहराया व माँ गँगा जी की स्वच्छता और निर्मलता के लिए शपथ ली।

गँगा जी के घाट पर ध्वजारोहण के साथ हर घाट तिरंगा मुहिम को सफल बनाते हुए गँगा विचार मंच के कार्यकर्ताओं व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आजादी के इस अमृत महोत्स्व में माँ गंगा जी के तट पर गँगा जी को निर्मल बनाने का संकल्प लिया। गँगा विचार मंच के प्रांत संयोजक लोकेन्द्र सिंह बिष्ट ने उपस्थित गँगा प्रेमियों व स्कूली छात्रों को माँ गँगा की स्वच्छता की गँगा की शपथ दिलवाई।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम रैली के साथ साथ गँगा जी के घाटों पर हर घाट तिरंगा के साथ गँगा के घाट पर ध्वजारोहण के साथ साथ गँगा विचार मंच के प्रांत संयोजक लोकेन्द्र सिंह बिष्ट ने जनता से अनुरोध किया है कि सभी लोग अपने – अपने स्थानों के घाटों पर 13 से 15 अगस्त तक किसी भी दिन घाट पर जा कर तिरंगा जरूर फहराए। भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष मनाये जाने वाला आजादी का अमृत महोत्सव में हम सभी अपनी हिस्सेदारी वृहद् स्तर पर दिखा सके।

बिष्ट ने कहा कि याद रहे हर घाट पर चाहे एक ही कार्यकर्त्ता क्यों न हो ध्वजारोहण करना आवश्यक है।

आज के कार्यक्रम में सभासद महावीर चौहान, गँगा विचार मंच के जिला संयोजक जयप्रकाश भट्ट, गजेंद्र बिष्ट, भैरव दत्त जोशी, अंबीर सिंह नेगी, महेश रमोला, अध्यापकगणों के साथ जनप्रतिनिधियों नव हिस्सा लिया।

कार्यक्रम से पूर्व गँगा विचार मंच के प्रांत संयोजक लोकेन्द्र सिंह बिष्ट ने गोस्वामी गणेश दत्त इंटर कालेज को 150 राष्ट्रीय ध्वज भी भेंट किये। बिष्ट ने कहा कि हमारा लक्ष्य है की गंगा जी के किनारों पर स्थित हर घाट पर ध्वजारोहण हो। इसलिये हर घाट तिरंगा मुहिम में आपको अपने अपने घाट पर तिरंगे के साथ माँ गँगा जी की स्वच्छता की शपथ भी लेनी है।

# जिम में स्टैमिना बढ़ाने के लिए वर्कआउट से पहले लें ये 8 फूड्स, शरीर को मिलेगी एनर्जी

एक्सरसाइज करना आजकल की हेल्दी लाइफस्टाइल का महत्वूर्ण हिस्सा बन चुका हैं जिसके लिए कई लोग जिम जाना पसंद करते हैं। जिम में कई तरह की हैवी एक्सरसाइज के लिए शरीर को एनर्जी की जरूरत होती हैं और उसके लिए हेल्दी फूड से अच्छा कुछ भी नहीं हैं। कई लोग सोचते हैं कि जिम जाने से पहले कुछ नहीं खाना चाहिए जो कि गलत हैं। वर्कआउट से पहले आपको ऐसे आहार का सेवन करना चाहिए जिनमें कार्ब्स और प्रोटीन हो ताकि बॉडी को एनर्जी और स्टेमिना मिल सकें। आज इस कड़ी में हम आपके लिए कुछ ऐसे फूड्स की जानकारी लेकर आए हैं जिनका सेवन वर्कआउट से पहले किया जाना चाहिए। इन्हें खाने से आप एक्सरसाइज अच्छे से कर पाते हैं और मसल्स रिकवरी में भी मदद मिलती है। आइये जानते हैं इन आहार के बारे में...



बादाम

बादाम पोषक तत्वों का खजाना माना जाता है। बादाम में पर्याप्त मात्रा में विटामिन ई, डाइट्री फाइबर, ओमेगा 3 फैटी एसिड और प्रोटीन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। नियमित तौर पर बादाम का सेवन किया जाए, तो ये स्टैमिना को बढ़ाने में मददगार साबित होता है। बादाम का सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती हैं और ब्लड शुगर लेवल भी कंट्रोल में रहता है।

पीनट बटर

वेजिटेरियन ऑप्शन में शामिल पीनट बटर भी एनर्जी का बेहतरीन खजाना है। हेल्दी फैट और प्रोटीन से भरपूर पीनट बटर को खाने से पेट भरा-भरा सा लगता है और इससे वर्कआउट के लिए जरूरी प्रोटीन भी मिल जाता है। पीनट बटर को ब्राउन ब्रेड के साथ खाना और भी ज्यादा फायदेमंद होता है।

केला

जब बात आती है वजन बढ़ाने की तो केले का नाम सबसे पहले लिया जाता है। केला न सिर्फ वजन बढ़ाने के काम आता है, बल्कि इसमें पाया जाने वाले फाइबर और नैचुरल शुगर स्टैमिना को भी बढ़ाने में सहायक होते हैं। केले में थाइमिन, राइबोफ्लेविन, नियासिन, फॉलिक एसिड, विटामिन ए और विटामिन बी पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर को लंबे समय तक एनर्जी देते हैं।

ओट्स

ओट्स, फाइबर, कार्ब और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं इसलिए एक्सपर्ट वर्कआउट से पहले इसे खाने की सलाह देते हैं। दरअसल, ओट्स वर्कआउट के लिए लंबे समय तक एनर्जी बनाए रखते हैं, जिससे देर तक अच्छा वर्कआउट करने में मदद मिलती है। ओट्स विटामिन बी का भी कफी अच्छा सोर्स होता है जो कार्बोहाइड्रेट को एनर्जी में बदल देता है। इसलिए वर्कआउट के 30-40 मिनट पहले अनप्रोसेस्ड ओट्स को खा सकते हैं।

आलू

आलू जिम जाने वाले लोगों के लिए बेस्ट फूड माना जाता है। आलू में पर्याप्त मात्रा में कार्बोहाइड्रेट और पोटेशियम पाया जाता है। ये जिम में एक्सरसाइज करते वक्त एनर्जी देने में मददगार साबित होता हैं। आप चाहें तो जिम जाने से आधे घंटे पहले उबले आलू का सेवन कर सकते हैं।

ड्राई फ्रूट्स

ड्राई फ्रूट्स में हेल्दी फैट, प्रोटीन, कुछ मात्रा में कार्बोहाइड्रेट और फाइबर पाया जाता है। यह पचने में आसान होते हैं और न्यूट्रिशन से भरपूर होते हैं। ड्राई फ्रूट्स एनर्जी लेवल को तुरंत बढ़ा देते हैं, जिससे वर्कआउट के लिए एनर्जी मिल सकती है। लेकिन ध्यान रखें ड्राई फ्रूट्स में फैट भी काफी अधिक मात्रा में होता है। अधिक मात्रा में खाने से आलस आ सकता है, इसलिए ओट्स में मिलाकर इनका सेवन कर सकते हैं।

दही

दही इंडियन करी में इस्तेमाल की जाने वाली एक लोकप्रिय फूड है। सीमित मात्रा में प्रोटीन, कैल्शियम और नेचुरल शुगर से भरपूर, यह एक हल्का प्री-वर्कआउट फूड है, जो स्टैमिना बढ़ाने वाले गुणों से युक्त होता है। यदि आप इंटरवल ट्रेनिंग या स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जैसी टफ एक्सरसाइज करते हैं तो आपको इसका लाभ प्राप्त करने के लिए दही का सेवन जरूर करना चाहिए।

कॉफी

कॉफी शरीर की थकान को दूर करने के लिए बेस्ट मानी जाती है। आपको जानकर हैरानी होगी कि कॉफी का सेवन करने से स्टैमिना भी बढ़ता है। कॉफी का सेवन करने से शरीर से एड्रेनेलिन हार्मोन रिलीज होती है, जो मांसपेशियों में ब्लड को तेजी से पंप करने में मददगार साबित होती है। जिम जाने वाले लोगों को रोजाना 2 कप कॉफी पीने की सलाह दी जाती है।

## सुभाश्री ने 'इंदुबाला भाटर होटल' के साथ अपनी ओटीटी डेब्यू की

बंगाली अभिनेत्री सुभाश्री गांगुली ने आगामी श्रृंखला 'इंदुबाला भाटर होटल' के साथ ओटीटी में प्रवेश किया है। वह कहती हैं कि वह थोड़ी नर्वस है लेकिन वेब शो में अभिनय करने के लिए बेहद उत्साहित भी हैं। देबालॉय भट्टाचार्य द्वारा निर्देशित और सुभाश्री अभिनीत, यह श्रृंखला होइचोई पर आधारित होगी।

ओटीटी में पदार्पण और श्रृंखला में अपने चरित्र के बारे में बात करते हुए, सुभाश्री गांगुली ने कहा, मैं अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए बेहद उत्साहित हूं और वह भी होइचोई जैसे प्लेटफॉर्म के साथ, जो कि प्रमुख बंगाली ओटीटी प्लेटफॉर्म है। गुणवत्तापूर्ण सामग्री का ढेर जिसका 'इंदुबाला भाटर होटल' जल्द ही हिस्सा होगा!

उन्होंने आगे कहा, यह श्रृंखला ईमानदारी से मेरे ओटीटी की शुरूआत करने के लिए सही लगती है क्योंकि चरित्र की कई परतें हैं और यह एक चुनौतीपूर्ण है। इंदुबाला जटिल, प्रेरणादायक और शक्तिशाली कैरेक्टर है और मैं थोड़ा नर्वस हूं लेकिन इसे निभाने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इसके अलावा, मैं लंबे समय से देबालॉय भट्टाचार्य के साथ काम करना चाहती थी और यह श्रृंखला मुझे ऐसा करने का अवसर प्रदान करती है। मैं इसके लिए तत्पर हूं और मुझे यकीन है कि पूरी टीम इसे सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करेगी। 'इंदुबाला भाटर होटल' पूर्वी पाकिस्तान के खुलना के कल्पोटा गांव की एक युवा लड़की इंदु की कहानी है। कोलकाता में एक शराबी से शादी, इंदु बहुत ही कम उम्र में एक शिशु के साथ विधवा हो जाती है। जिस दिन पूर्वी पाकिस्तान बांग्लादेश बना, उसकी कहानी में एक नया मोड़ आया; इंदुबाला भाटर होटल में आग पहली बार उस अल्प बचत की मदद से जलाई गई थी जिसे इंदु ने एक बिहारी मछुआरे-लच्छी की सहायता से हासिल करने में कामयाबी हासिल की थी। 'इंदुबाला भाटर होटल' अगस्त 2022 के अंत से फिल्मांकन शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## ओटीटी पर नई पारी के लिए उत्साहित किश्वर मर्चेंट

अभिनेत्री किश्वर मर्चेंट का कहना है कि, वह अपने आगामी शो 'फना-इश्क में मरजावां- आखिरी इम्तिहान' को लेकर काफी उत्साहित हैं। मीरा रायचंद के रोल में किश्वर नजर आएंगी। अभिनेत्री, जो अपनी पेशेवर प्रतिबद्धताओं से मातृत्व अवकाश पर थी, ओटीटी पर शो के साथ वापसी करती दिखाई देगी। ओटीटी के लिए अपने उत्साह के बारे में बोलते हुए, किश्वर ने कहा, जब मुझे मीरा की भूमिका की पेशकश की गई थी, तो मैं तुरंत इसके चरित्र के लिए तैयार हो गयी। एक नई मां के रूप में, मेरे लिए एक जटिल भूमिका निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मैं बहुत उत्साहित हूं सेट पर वापस आने के बारे में। कलर्स के साथ काम करना हमेशा एक खुशी की बात रही है, और अब मैं वूट के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हूं। मुझे उम्मीद है कि शो को दर्शकों द्वारा खूब सराहा जाएगा। कलर्स पर एक टीवी श्रृंखला के रूप में अपनी सफलता के बाद, अब 'फना- इश्क में मरजावां-आखिरी इम्तिहान' 8 अगस्त से वूट पर ओटीटी पर आ रहा है।

## बहुप्रतीक्षित फिल्म जीवी 2 ओटीटी पर होगी रिलीज

निर्देशक वीजे गोपीनाथ की बहुप्रतीक्षित मनोरंजक फिल्म जीवी 2 सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म अहा पर रिलीज होगी। इस फिल्म से बहुत उम्मीदें हैं क्योंकि यह जीवी की अगली कड़ी है, जो समीक्षकों द्वारा प्रशंसित सुपरहिट फिल्म है जिसमें अभिनेता वेत्री और करुणाकरण मुख्य भूमिका में हैं। जीवी कहानी का आधार त्रिकोणीय सिद्धांत पर आधारित है जो एक व्यक्ति के जीवन में घटित होने वाली घटनाओं की एक श्रृंखला के बारे में है जो किसी अन्य व्यक्ति के जीवन में एक अलग जगह पर खुद को दोहराता है। जीवी में, नायक इस स्थिति को महसूस करता है और घटनाओं की श्रृंखला को रोकने का प्रयास करता है। निर्देशक वीजे गोपीनाथ ने पहले कहा था, भाग एक के अंत में, नायक का दोस्त उससे पूछता है कि क्या त्रिकोणीय सिद्धांत समाप्त हो गया है या क्या यह अस्तित्व में रहेगा। यहीं से जीवि-2 की कहानी शुरू होती है।दिलचस्प बात यह है कि निर्देशक ने सीक्वल की स्क्रिप्ट महज दो दिनों में पूरी कर ली। वेत्री, करुणाकरण, अश्विनी चंद्रशेखर, रामा, रोहिणी, माइम गोपी, आरुवी की प्रसिद्धि थिरुनावुकारसु, जिन्होंने पहले भाग में भूमिकाएं निभाई, सभी अगली कड़ी में अपने पात्रों को दोहरा रहे हैं।

## शब्द सामर्थ्य -28

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | | | ■ | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | ■ | 9 | | ■ | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 11 | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | ■ | 14 | | | ■ |
| | ■ | 15 | | 16 | | ■ | 17 | 18 |
| | ■ | | ■ | 19 | | 20 | ■ | |
| 21 | 22 | | 23 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 27 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |


**वैधानिक सूचना**

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

## विजय सेतुपति अभिनीत मामनिथन ने टोक्यो फिल्म अवार्डस में जीता स्वर्ण पदक

मामनिथन ने इस साल टोक्यो फिल्म अवार्डस में स्वर्ण पदक जीता है। इस फिल्म में अभिनेता विजय सेतुपति और गायत्री मुख्य भूमिका में हैं। घोषणा करने के लिए ट्विटर पर लेते हुए निर्देशक सीनू रामासामी ने कहा, यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि हमारी मामनिथन फीचर फिल्म ने (टोक्यो फिल्म अवार्डस 2022 में) जीता, इसके लिए निर्माता युवान शंकर राजा को धन्यवाद।

सर्वश्रेष्ठ एशियाई फिल्म श्रेणी में मामनिथन ने स्वर्ण जीता, जबकि ताकाहिरो कावाबे के लव सॉन्ग शाम 5 बजे रजत और मार्ट बीरा के घुमंतू डॉक्टर ने कांस्य पदक जीता। मामनिथन की कहानी एक साधारण आदमी की है जो अपने बच्चों को एक निजी स्कूल में दाखिला दिलाकर अच्छी शिक्षा देना चाहता है।

रिलीज के तुरंत बाद विभिन्न वर्गों से भारी प्रशंसा प्राप्त करने वाली इस फिल्म के जाने-माने निर्देशक शंकर ने इसे यथार्थवादी क्लासिक कहा है। शंकर ने तो यहां तक कह दिया था कि फिल्म में विजय सेतुपति के शानदार अभिनय को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना चाहिए था।

## एड शूट में अल्लू अर्जुन का लुक हुआ वायरल

जैसा कि पहले बताया गया था, पुष्पा स्टार अल्लू अर्जुन और गब्बर सिंह के निर्देशक हरीश शंकर ने एक विज्ञापन में साथ काम किया है। वर्तमान में, विज्ञापन शूट से अल्लू अर्जुन की एक नई तस्वीर शहर में चर्चा का विषय बन गई है, क्योंकि वह गैंगस्टर लुक में काफी अलग लग रहें है।

अल्लू अर्जुन ने दाढ़ी और हेयर स्टाइल के साथ एक ठाठ डॉन उपस्थिति में देखा, जिसमें उनके आधे बाल भूरे रंग के थे। उन्होंने इसे और भी फैशनेबल और डराने वाला बनाने के लिए अपने पहनावे में चश्मा और एक सिगार जोड़ा।

अल्लू अर्जुन की चमड़े की जैकेट और समग्र गतिशील उपस्थिति पूरी तरह से नई है, जिससे उनके प्रशंसक उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट में डीओपी सुदीप चटर्जी भी शामिल हुए हैं। इसके अतिरिक्त, शूट से एक बीटीएस वीडियो पहले ऑनलाइन पोस्ट किया गया था, जिसमें अल्लू अर्जुन को उनकी वैनिटी वैन में पोशाक बदलते हुए दिखाया गया था।

अभी कुछ दिन पहले निर्देशक हरीश शंकर ने इंस्टाग्राम पर आइकॉन स्टार के साथ अपने सहयोग का खुलासा किया था। दोनों ने इससे पहले फिल्म दुव्वादा जगन्नाधम में साथ काम किया था।अल्लू अर्जुन अगली बार सुकुमार की पुष्पा : द रूल में दिखाई देंगे, जिसमें वह एक तस्करी सिंडिकेट किंगपिन का चित्रण करेंगे।

## दिलजीत दोसांझ के लिए प्रियंका चोपड़ा ने साझा किया बेहद प्यारा नोट

भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ और सोशल मीडिया शख्सियत लिली सिंह के साथ लॉस एंजिल्स में बिताए समय की कुछ स्पष्ट तस्वीरें साझा की हैं।

प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें साझा कीं। एक तस्वीर में तीनों एक दूसरे को नमन करते नजर आ रहे हैं। प्रियंका और लिली ने हाल ही में लॉस एंजेलिस में दिलजीत के कॉन्सर्ट में शिरकत की।

प्रियंका ने लिखा, कुछ चीजें हैं जो घर के स्वाद के रूप में आपके दिल को गर्म कर देंगी। साथ ही, जब आपके लोग शहर में हों! वह रात काफी मजेदार थी और हर कोई काफी खुश था, दिलजीत दोसांझ को देखना बहुत अच्छा अनुभव था, दिलजीत आप सुपरस्टार है। मैं आप सभी से कहना चाहूंगी दिलजीत के शो टिकट जरुर ले।

इसके अलावा, उस टीम को बधाई जिसने मेरे और मेरे दोस्तों के लिए इसे इतना आरामदायक और शानदार बना दिया, धन्यवाद लीली सिंह। काम की बात करें तो प्रियंका अब रूसो ब्रदर्स द्वारा निर्मित वेब सीरीज सिटाडेल में नजर आएंगी।

## कार्तिक-कियारा की फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' का फर्स्ट लुक मोशन फोटो रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की आने वाली फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' का फर्स्ट लुक मोशन फोटो रिलीज हो गया है। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की आने वाली फिल्म 'सत्यनारायण की कथा' का टाइटल चेंज कर दिया गया है।

इस बात की जानकारी कार्तिक ने कियारा के बर्थडे पर सोशल मीडिया पर फिल्म से फर्स्ट लुक मोशन फोटो शेयर कर दी है। कार्तिक ने बताया है कि फिल्म का टाइटल 'सत्यनारायण की कथा' से बदलकर 'सत्यप्रेम की कथा' कर दिया गया है।

कार्तिक आर्यन ने 'सत्यप्रेम की कथा' से कियारा के साथ का फर्स्ट लुक मोशन फोटो शेयर कर लिखा, हैप्पी बर्थडे कथा। तुम्हारा सत्यप्रेम। फोटो में कार्तिक ग्रे टी-शर्ट के साथ ब्लैक जैकेट और कियारा व्हाइट टॉप पहने नजर आ रही हैं। फोटो के साथ बैकग्राउंड में फिल्म का एक रोमांटिक म्यूजिक भी बज रहा है। समीर विध्वंस ने 'सत्यप्रेम की कथा' का निर्देशन किया है। फिल्म साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है।

# सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र यादव पर फिल्म बनाएंगी चित्रांगदा



चित्रांगदा सिंह बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा हैं। उन्होंने अपने अभिनय से कई फिल्मों में समा बांधा है। एक्टिंग के अलावा प्रोडक्शन में भी उन्होंने अपनी किस्मत आजमाई है। अब वह भारतीय सेना के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र यादव पर बायोपिक बनाएंगी। वाकई एक रियल लाइफ हीरो की कहानी को पर्दे पर देखना किसी रोमांच से कम नहीं होगा। यह एक ऐसा विषय है, जो हर किसी का ध्यान आकर्षित करेगा।

चित्रांगदा ने कैप्टन योगेंद्र पर बायोपिक बनाने के अधिकार हासिल कर लिए हैं। इस प्रोजेक्ट को लेकर अभिनेत्री चित्रांगदा काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने बयान में कहा, मैं उन वास्तविक नायकों की कहानियां बताने के लिए बहुत उत्साहित हूं, जिन्हें कई बार भुला दिया जाता है, फिर भले ही वे अब भी हमारे बीच क्यों ना मौजूद हों। हमें उनकी यात्रा को ग्लोरिफाई करने की जरूरत है।

फिल्म के अधिकार दीपक सिंह के सह-स्वामित्व वाली कंपनी सीएसफिल्म्स के पास हैं। अब इस फिल्म में कौन-कौन से कलाकार नजर आएंगे, इसको लेकर कुछ भी नहीं बताया गया है। जल्द प्रोजेक्ट से जुड़ी विस्तृत जानकारी सामने आ सकती है। चित्रांगदा ने 2018 में सूरमा के साथ अपने प्रोडक्शन की शुरुआत की थी। इस फिल्म को अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। यह फिल्म भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान संदीप सिंह की वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित थी। इसमें दिलजीत दोसांझ और तापसी पन्नू को मुख्य भूमिकाओं में देखा गया था। शाद अली ने इसका निर्देशन किया था। सूरमा की तरह ही चित्रांगदा की अगली बायोपिक फिल्म भी वास्तविक जीवन की कहानी बयां करेगी।

कैप्टन योगेंद्र ने कारगिल युद्ध में अपने पराक्रम का कौशल दिखाया था। वह 19 साल की उम्र में परमवीर चक्र प्राप्त करने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय सैनिक हैं। कारगिल युद्ध में योगेंद्र को 15 गोलियां लगी थीं और उनके शरीर पर दो हैंड ग्रेनेड के घाव भी थे। युद्ध जीतने के करीब एक साल बाद तक वह अस्पताल में भर्ती रहे। पिछले साल 31 दिसंबर को 24 साल की उत्कृष्ट सेवा के बाद वह रिटायर्ड हो गए।

चित्रांगदा ने देसी बॉयज, साहेब, बीवी और गैंगस्टर 3 और बाजार जैसी फिल्मों में अपने अभिनय का परचम फहराया है। हाल ही में चित्रांगदा ने 2012 की फिल्म कहानी के स्पिन-ऑफ बॉब बिस्वास में अभिषेक बच्चन की पत्नी की भूमिका निभाई थी। उन्हें मॉडर्न लव: मुंबई में अरशद वारसी के साथ भी देखा गया था। वह फिल्म गैसलाइट में नजर आ सकती हैं, जिसमें उनके साथ विक्रांत मैसी दिखाई देंगे।

## संजय मिश्रा अभिनीत होली काउ का पोस्टर दिलचस्प, मजेदार

संजय मिश्रा अभिनीत होली काउ के निर्माताओं ने पहली नजर में कई सवाल खड़े करने वाला पोस्टर जारी किया है। एक जगह यह आपको हंसाता है और दूसरी तरफ यह आपको कहानी के बारे में सोचने पर मजबूर करता है। फिल्म एक सामाजिक व्यंग्य है जिसमें संजय मिश्रा, तिग्मांशु धूलिया और नवाजुद्दीन सिद्दीकी हैं।

नवाजुद्दीन अपनी भूमिका के बारे में बताते हैं और कहते हैं, फिल्म में मेरी एक अतिथि भूमिका है और चरित्र की मूल्य प्रणाली के अनुकूल होना एक अभिनेता का काम है। इस फिल्म की पूरी कास्ट थिएटर से संबंधित थी इसलिए यह और भी मजेदार था। यह फिल्म एक व्यंग्यपूर्ण कॉमेडी है जिसमें बहुत सारे मजेदार तत्व हैं। निर्माता आलिया सिद्दीकी का कहना है कि, फिल्म समाज के लिए एक मजबूत संदेश रखती हैमुझे लगता है कि कला बेहद बेकार है अगर यह दिन-प्रतिदिन की घटनाओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है। फिल्म निर्माताओं और कलाकारों के पास दीर्घकालिक परिवर्तनों को प्रभावित करने के लिए आवाज और ताकत है और मुझे होली काउ का निर्माण करने में खुशी है। आलिया ने कहा, हमारे दिमाग में एक विषय था और हम एक ऐसे विचार के साथ मस्ती करना चाहते थे, जिस पर हम सभी ने विचार किया है। कहानी को इतनी ईमानदारी के साथ बताने के लिए मैं अपने उदार कलाकारों की आभारी हूंफिल्म का निर्माण आलिया सिद्दीकी और बलजिंदर खन्ना ने रेलिक पिक्चर्स के सहयोग से किया है।

## 'इस बारिश में' का अनप्लग्ड वर्जन लोगों को पसंद आएगा: नीति मोहन



'इस बारिश में' के संगीत और गीतों के लिए अपार लोकप्रियता हासिल करने के बाद, शहीर शेख और जैस्मीन भसीन के रोमांटिक ट्रैक का एक अनप्लग्ड वर्जन सामने आया है। नीति मोहन द्वारा गाया और अभिनीत, गीत रिपुल शर्मा द्वारा रचित है और शरद त्रिपाठी द्वारा लिखा गया है।

नीति आने वाले गीत के बारे में उत्साहित है और कहती है कि यह संगीत प्रेमियों को पसंद आएगा और इसे अच्छी प्रतिक्रिया मिलेगी।

गीत प्यार में पड़ने की भावनाओं को दर्शाता है और कैसे मानसून भावनाओं की अभिव्यक्ति के लिए एक आदर्श मौसम बन जाता है।

सारेगामा द्वारा प्रस्तुत 'इस बारिश में' अब सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

नीति मोहन एक भारतीय पार्श्व गायिका हैं। यह कई फिल्मों और धारावाहिकों में अभिनय भी कर चुकीं हैं। नीति मोहन का जन्म 17 फ़रवरी 1979 को नई दिल्ली में हुआ था। उनकी दो बहनें हैं शक्ति और मुक्ति मोहन। दोनों ही फिल्म अभिनेत्री हैं। मोहन ने अपने करियर का डेब्यू कारण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर के गाने इसक वाला लव से की थी। यह गाना उस साल का हिट गाना था, और युवा वर्ग के तो जुबान पर चढ़ा हुआ था। मोहन का यह गाना उनके अब तक के करियर का सबसे सफल गाना है।

उसके बाद नीति ने यशराज फिल्म्स के तहत फिल्म जब तक है जान के लिए जिया रे गाना गाया। यह गाना भी 2012 में सुपरहिट साबित हुआ था। वो इन दिनों गानों के कई अवार्ड समारोह में नामंकित भी हुई ओ उन्होंने कई अवार्ड्स जीते भी। उन्होंने एमटीवी शो में ए.आर रहमान के साथ भी स्क्रीन शेयर की।

साल 2013 में नीति ने फिल्म नौटंकी साला के एक पंजाबी गाना गाया। मोहन ने अपने इंटरव्यू में कहा कि उन्होंने पंजाबी बिलुल नहीं आती उन्होंने इस गाने के घंटो रिहर्ष किया तब जाकर उन्होंने गाना कम्प्लीट कर पायीं।

उन्होंने ब्लॉकबस्टर हॉट फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस में कश्मीर मैं तू कन्याकुमारी गाना भी गाया इस गाने में उनका साथ सुनिधि चौहान और अरिजीत सिंह ने दिया था। साल 2014 में नीति ने कई हिट गाने गए जिसके लिए उन्हें अवार्ड्स के लिए नामंकित किया।

# हर घर तिरंगा अभियान से स्वमेव जुड़ रहे देशवासी

शगुफ्ता शीरीन

भारत की आज़ादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है । इस स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाने, लोगों में देशभक्ति का जज्बा जगाने और राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जुलाई को हर घर तिरंगा अभियान को सशक्त करने का आहवान किया । उन्होंने ट्वीट के जरिए तेरह से पंद्रह अगस्त तक अपने घरों पर राष्ट्रध्वज फहराने की अपील लोगों से की । प्रधानमंत्री ने कहा कि 22 जुलाई 1947 के दिन तिरंगा को अंगीकार किया गया । इसलिए हर भारतीय को तिरंगा पर गर्व होना चाहिए । केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी साहस, शांति और सच्चाई के प्रतीक तिरंगा को हर घर में लगाने की अपील लोगों से की । इसका असर यह हुआ की लोग स्वमेव ही हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में जुट गए हैं ।

जनभागीदारी के माध्यम से सभी घरो में राष्ट्रध्वज फहराना प्रमुख उद्देश्य

हर घर तिरंगा अभियान का एक उद्देश्य यह भी है जनभागीदारी के माध्यम से सभी घरों तक राष्ट्रध्वज पहुंचाना । इससे आपसी एकता, भाईचारे की भावना तो बढ़ेगी ही लोकतंत्र भी मजबूत होगा । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तिरंगा की डिजाइन करने वाले श्री पिंगली वैंकैया की जयंती के अवसर पर अपने उद्बोधन में देशवासियों से अपील की कि वे अपनी सोशल मीडिया प्रोफ़ाइल या डीपी में तिरंगा लगाए । उन्होंने क्रांतिकारी मैडम भीकाजी कामा को तिरंगा को आकार देने में उनकी भूमिका के लिए याद किया और इसका असर यह हुआ कि करोड़ों देशवासियों ने अपनी सोशल मीडिया प्रोफ़ाइल में तिरंगा की फोटो अपलोड कर एकता का परिचय दिया ।

यह सच है कि तिरंगा की आन-बान-शान की खातिर भारतीय सैनिक बहादुरी से लड़ते हैं और अपनी जान भी देश के लिए न्योछावर कर देते हैं । जैसा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा है कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम दुनिया के लिए एक संदेश है कि भारत का हर नागरिक संविधान निर्माताओं की दृष्टि के अनुसार भारत के विकास, समृद्धि और सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट है । इसलिए एकजुटता के लिए सभी अपने घरों में तिरंगा लगाए । गृहमंत्री की इस अपील से देश के सभी राज्यों में नागरिकों के मन मस्तिष्क में आजादी की 75वीं सालगिरह के जश्न को देशभक्ति के जज्बे के साथ मनाने की इच्छा मजबूत हुई और सबने तिरंगा लगाने का संकल्प लिया । नतीजतन तिरंगा लेने की भी होड़ सी मची हुई है।

प्रधानमंत्री के आहवान से छत्तीसगढ़ में स्वसहायता समूहों की महिलाओं को तिरंगा तैयार करने की जिम्मेदारी मिली

दंतेवाड़ा जिले की पार्वती स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा तिरंगा झंडा बनाया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसे पुरखों के संघर्ष और बलिदान का प्रतीक बताते हुए सभी से अपने घरों, दुकानों में तिरंगा लगाने की अपील की है । वहीं, रायपुर जिले में सेरिखेडी की उजाला समूह की ३० महिलाएं ६० हजार झंडे बना रही हैं ।

भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए पचास हजार झंडे बनाने का कार्य भिलाई महिला समाज की सौ महिलाएं कर रही हैं । बिलासपुर जिले के गनियारी में आजीविका मिशन के तहत महिला समूहों को तिरंगा सिलने की ज़िम्मेदारी मिली है। भिलाई में भी आजीविका मिशन के तहत महिलाएं तिरंगा सिलकर रोज़गार हासिल की है और आत्मनिर्भर भारत का सपना भी साकार हो रहा है ।

देश के २० करोड़ घरों तक तिरंगा पहुंचाना वो भी कम समय में यह जिला प्रशासन के लिए चुनौती ही है । मगर सभी जिले के जिलाधीशों ने इस कार्य को पहली प्राथमिकता देते हुए मातहत कर्मचारियों को लापरवाही नहीं करने की हिदायत दी है । रायपुर कलेक्टोरेट में स्व-सहायता समूहों ने तिरंगा बिक्री केंद्र खोले हैं जहा कलेक्टर ने खुद ही झंडा खरीद कर बिक्री का शुभारंभ किया । इसी तरह, जांजगीर चापा के कलेक्टर ने खोखरा ग्राम पंचायत के आराधना समूह की महिलाओं से तिरंगा खरीदा। उन्होंने सभी कर्मचारियों से कहा कि इन समूहों की महिलाओं से झंडा खरीदे। कबीरधाम कलेक्टर ग्रामीण क्षेत्र के झंडा बिक्री केंद्रों में निगरानी कर रहे हैं। दंतेवाड़ा और महासमुंद की स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी लोगो को झंडे उपलब्ध करा रही हैं ।

केंद्र सरकार ने तीन प्रकार के झंडो को तैयार करने की व्यवस्था की है । डाकघरों, खादी ग्रामाद्योग की दुकानों तथा सी-मार्ट के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित राशन दुकानों में भी लोग तिरंगा खरीद सकते हैं । वहीं ऑनलाइन खरीदी की भी व्यवस्था की गई है। एक वेबसाइट हरघरतिरंगा.कॉम पर जाकर हर घर तिरंगा प्रमाण पत्र डाउनलोड किया जा सकता है । इसमें अपना नाम, मोबाइल नंबर दर्ज करके लोकेशन ऑन करना ज़रूरी होता है । रेलवे स्टेशनों ओर डाकघरों में सेल्फी ज़ोन भी बनाए गए है । यहां सेल्फी खींचकर लोग वेबसाइट में डालकर अपनी एकता को प्रदर्शित कर सकते हैं । हर घर तिरंगा लगाने जागरूकता अभियान जोर-शोर से जारी रायपुर के दानी स्कूल की छात्राओं ने तिरंगा सरंचना में मानव श्रृंखला बनाई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान को मजबूती देने में मुख्यमंत्री, मंत्री सांसद, विधायक, जिला पंचायतें, जनपदों और ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों के प्रतिनिधि तथा सरकारी अधिकारी-कर्मचारी जुटे हुए हैं । स्कूलों-कॉलेजो में प्रभातफेरी निकाली जा रही है । एनसीसी मुख्यालय रायपुर में ग्रुप कमांडर एस.के. दास की अगुवाई में कैडेट आज़ादी के दीवाने कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर लोगों को तिरंगा लगाने प्रेरित कर रहे हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के राजनांदगांव कार्यालय की ओर से लोगों को तिरंगा लगाने अपील की जा रही है । समर्थ विद्यालय के बच्चे लोगों को जागरूक करने निकले । रायपुर के दानी स्कूल की छात्राओं ने प्रभातफेरी निकाली और तिरंगा सरंचना में मानव श्रृंखला बनाई।

कांकेर के केवटी में सशस्त्र सीमा बल ने राष्ट्रध्वज के साथ साइकिल रैली निकाली और दुर्गुकोंदल में बीएसएफ के जवानों ने गांवों में तिरंगा वितरण किया।

इसी तरह, हेमचंद यादव विष्वविद्यालय के एनएसएस के करीब दो सौ इकाईयो के सत्रह हजार विद्यार्थी गाव गांव जाकर लोगो को तिरंगा लगाने कह रहे है। कांकेर के केवटी में सशस्त्र सीमा बल ने राष्ट्रध्वज के साथ साइकिल रैली निकाली। दुर्गुकोंदल में बीएसएफ के जवानों ने गांवों में तिरंगा वितरण किया। इस अभियान में सरकारी, निजी, गैर सरकारी संगठनों के साथ ही हर वर्ग के लोग अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। सभी राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता, महिलाएं और युवाओं के संघटन 1०० करोड़ लोगों तक तिरंगा उपलब्ध कराने के कार्य में जुटे हैं। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर प्रदेश के बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में काफी उत्साह है । प्रदेश में 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान लोग आजादी में योगदान देने वाले महापुरुषों के योगदान को घर-घर जाकर लोगों को बताएंगे । प्रभातफेरी, साइकिल रैली निकालकर लोगों को झंडा लगाने कह रहे हैं । प्रधानमंत्री की अपील के बाद सैकड़ों युवाओं ने अपनी डीपी में तिरंगा लगा लिया है । सेल्फी खींचकर वेबसाइट में डाल रहे और लोगो को तिरंगा लगाने कह रहे है । राजधानी रायपुर से लेकर आदिवासी बहुल बस्तर संभाग में भी जन-जन का उत्साह देखते ही बन रहा है । लोग झंडे खरीद रहे सेल्फी खींच रहे और दूसरो को भी झंडा लगाने कह रहे है । तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है । देशप्रेम और तिरंगे के सम्मान के लिए एकजुट होकर अभियान को सफल बनाने की अपील कर रहे हैं।

रायपुर जिले के राजिम का एक युवक तिरंगा लेकर दिल्ली तक पदयात्रा के लिए निकल पड़ा है। इसी तरह, डोंगरगढ़ के ग्राम रतन भात में 13 अगस्त को 51 फीट का तिरंगा फहराया जाएगा।

## सू- दोकू क्र. 26

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.25का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## विजय देवरकोंडा स्टारर लाइगर को मिला यूए सर्टिफिकेट

साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा के प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर है। उनकी आने वाली फिल्म लाइगर को सेंसर अधिकारियों द्वारा यूए प्रमाणपत्र मिला है। फिल्म का रनटाइम 2 घंटे 2० मिनट का है, जिसमें फर्स्ट हाफ1 घंटा 15 मिनट और सेकेंड हाफ1 घंटा 5 मिनट का है। प्रोडक्शन हाउस के सूत्रों ने बताया कि फिल्म में सात फाइट सीन और छह गाने हैं।

उभरते हुए अखिल भारतीय स्टार विजय देवरकोंडा की बहुप्रतीक्षित फिल्म लाइगर का निर्देशन पुरी जगन्नाध कर रहे हैं। इस बहुचर्चित फिल्म से दिग्गज बॉक्सर माइक टायसन भारतीय सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। विजय का यथार्थवादी प्रदर्शन, शानदार एक्शन और नृत्य के साथ, फिल्म का मुख्य आकर्षण बताया जाता है।

कहा जाता है कि विजय देवरकोंडा के चरित्र चित्रण ने हकलाने वाली डायलॉग डिलीवरी और बॉडी लैंग्वेज फैंस के लिए काफी आकर्षित होने वाला है। सूत्रों ने कहा कि फिल्म देखने के बाद, सेंसर बोर्ड के सदस्यों ने महसूस किया कि सेंसर शॉर्ट रनटाइम, एक्शन पार्ट, हीरो कैरेक्टराइजेशन, डायलॉग डिलीवरी, राम्या कृष्णन का किरदार, मां की भावना और विजय देवरकोंडा अनन्या पांडे के प्रेम ट्रैक ने फिल्म में बड़ा काम किया है। अनन्या पांडे और राम्या कृष्णन अभिनीत लाइगर 25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## महंगाई: तब फिर बहस क्या ?




संसद में महंगाई के सवाल पर आखिर चर्चा हुई। लेकिन उसका जवाब जिस रूप में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने दिया, उसका निष्कर्ष यह है कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कोई सार्थक बहस नहीं हो सकती। जिस समय सारी दुनिया महंगाई से परेशान है, उस समय वित्त मंत्री का यह कहना कि भारत में महंगाई समस्या नहीं है, क्या अजीब बात नहीं है? वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि हाल में खाने-पीने की चीजों पर लगाए गए जीएसटी से गरीबों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने यह दावा भी कर दिया कि भारत ना तो मुद्रास्फीति का शिकार होगा, ना ही स्टैगफ्लैशन (आर्थिक वृद्धि दर से मुद्रास्फीति दर के ज्यादा होने) से। जाहिरा तौर पर ये तमाम बातें तथ्यों और आज की सच्चाई का मुंह चिढ़ाती लगती हैँ। वैसे ये दावे वर्तमान सरकार की शैली के अनुरूप ही हैं। यह समझ तो कई वर्ष पहले बन गई थी कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की रुचि अर्थव्यवस्था को संभालने में नहीं, बल्कि आर्थिक सुर्खियों को संभालने में है। तो वित्त मंत्री के दावे प्रमुख सुर्खियां बने।

स्पष्टत: देश में आज मीडिया और राजनीति का जो माहौल है, उसके बीच बड़ी संख्या में लोग इन दावों पर यकीन कर लेंगे। उससे सरकार का फौरी मकसद पूरा हो जाएगा। लेकिन आखिर कोई समाज सच्चाई से मुंह छिपा कर कब तक चल सकता है? ध्यान देने की बात यह है कि वित्त मंत्री की बातें खुद उनकी सरकार के आंकड़ों को नजरअंदाज करती लगती हैं। ऐसे में आखिर क्या सार्थक बहस हो सकती है? अगर सरकार बुनियादी सच को भी स्वीकार नहीं करना चाहती, सामने मौजूद समस्याओं पर भी उसका उद्देश्य सिर्फ शोर की बढ़त हासिल करना है, तो फिर मंच चाहे संसद का हो या फिर मीडिया का- वहां होने वाली चर्चा से देश की ना तो कोई दिशा तय हो सकती है और ना ही कोई बुनियादी राष्ट्रीय आम सहमति बन सकती है। उस हाल में देश में मत विखंडन का बढ़ते जाना एक तयशुदा बात होगी। लेकिन हकीकत यह है कि कोई देश या समाज अलग-अलग खेमों की बिखरी सच्चाइयों के साथ जी नहीं सकता- आगे बढ़ने की बात तो दीगर है। (आरएनएस)



# सीएम ने किया कैंप कार्यालय का उद्घाटन, पौधरोपण भी किया

चंपावत (सं)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज गौरल चौड़ मैदान मार्ग चंपावत में मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय का विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया। साथ ही इस मौके पर उन्होंने पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कैंप कार्यालय खुलने से चंपावत व आस पास के क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान जल्द होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष वन विकास निगम कैलाश चन्द्र गहतोड़ी, अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, गीता धामी, जिलाध्यक्ष भाजपा दीप पाठक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## तिरंगा यात्रा निकाल कर दी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि



देहरादून (नसं)। दून योग पीठ देहरादून द्वारा आज दून योग पीठ की हाथी बड़कला शाखा से शोर्य स्थल चीड़ बाग तक तिरंगा यात्रा निकाल कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी ने राष्ट्र प्रथम (नेशन फर्स्ट) का आह्वान किया पूर्व माध्यमिक विद्यालय राजपुर रोड, एस जी आर आर कालीदास रोड के बच्चों के अलावा राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित रिटायर्ड प्रधानाचार्य हुकुम सिंह उनियाल, पार्षद भूपेंद्र कठेत, हाथीबड़कला व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक खत्री, महामंत्री ललित बोहरा, उपाध्यक्ष राजेश पठानीया, सहित व्यापार मंडल हाथीबड़कला अध्यक्ष दीपक खत्री, समाजसेवी डा.सुनील अग्रवाल, प्रताप सिंह चौहान, दीपक विडालिया आदि ने भाग लिया।

## दून के आर्म्स डीलर भी अब शक के...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

दिल्ली की घटना से अब दून के अन्य आर्म्स डीलरों के सिर पर भी शक की तलवार लटक गयी हैं। जिला प्रशासन अगर सही तरीके से और निष्पक्ष जांच करे तो दून में अभी कई अन्य परीक्षित सामने आ सकते हैं। अब देखना है कि जिला प्रशासन इस बात को कितनी गम्भीरता से लेता हैं। क्योंकि यह छोटा मामला नहीं है कि दून से बाहरी प्रदेशों के गैगेस्टरों को अस्लाह सप्लाई किया जा रहा है और दून पुलिस व प्रशासन इससे अनभिज्ञ है। यह दून पुलिस व प्रशासन पर भी प्रश्न चिन्ह लगाता है।

# ओएनजीसी ने दस हजार राष्ट्रीय ध्वज आईटीबीपी को सौंपे

संवाददाता




देहरादून। ओएनजीसी ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में लगाने के लिए आईटीबीपी को दस हजार राष्ट्रीय ध्वज सौंपे।

आज यहां देश आजादी की 75 वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। इस अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत ओएनजीसी द्वारा भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) को उत्तराखंड के सीमावर्ती गांवों में घर-घर तिरंगा पहुंचाने के उद्देश्य में 10,000 तिरंगे भेंट किए गए। ओएनजीसी मुख्यालय तेल भवन में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में सीएसआर के तहत ओएनजीसी की प्रधान निगमित प्रशासन श्रीमती आर एस नारायणी ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा आईटीबीपी के सहायक कमांडेंट मेजर राजेंद्र को भेंट किए। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट मेजर राजेंद्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में ओएनजीसी उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में विभिन्न विकास के कार्यों में बड़-चढ़ कर अपनी सहभागिता निभाता आ रहा है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए ओएनजीसी द्वारा प्रदान किये गये राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा आइटीबीपी के जवानों के माध्यम से पर्वतीय भू-भाग के सीमावर्ती गांव में लगाए जाएंगे। इस अवसर पर ओएनजीसी महाप्रबंधक-इंचार्ज सीएसआर राम राज द्विवेदी, हेड इन्फ्रास्ट्रक्चर एन के सिंधल, महाप्रबंधक टी बी हाशमी एवं सभी विभाग अध्यक्ष मौजूद रहे।

## बियर व शराब के साथ दो गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने बियर व शराब की पेटियों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने मनसा देवी तिराहे पर एक कार को रूकने का इशारा किया तो कार चालक कार को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने कार से पांच पेटी बियर की बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम नरेन्द्र पुत्र जीत सिंह निवासी श्यामपुर बताया। वहीं पुलिस ने परशुराम चौक से दो पेटी शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम संजय पुत्र पतराम सिंह निवासी झुग्गी झोपडी गोविन्द नगर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## महावीर जैन कन्या पाठशाला से निकाली तिरंगा यात्रा

देहरादून (सं)। मानवाधिकार एवं सामाजिक संगठन व महावीर जैन कन्या पाठशाला ने संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा निकाली। आज यहां मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन एवं तिलक रोड स्थित श्री महावीर जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में तिरंगा सम्मान यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष में स्कूली बच्चों और शिक्षकों के साथ निकाली गई। तिरंगा सम्मान यात्रा स्कूल परिसर से बिंदाल चौक से वापस स्कूल परिसर में प्रवेश कर गई। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने जोर शोर से झंडे के साथ नारे लगाए साथ ही संगठन के सभी पदाधि कारियों ने आवाज से आवाज मिलाकर पूरा वातावरण नारों से गुंजायमान किया। लगभग 1 किलोमीटर के दायरे में यह यात्रा निकाली गई जिसमें बीच में पड़ने वाले सभी प्रतिष्ठानों ने यात्रा के साथ मिलकर नारे लगाए और सहभागिता की। इस अवसर पर संगठन के चेयरमैन सचिन जैन, मधु जैन स्कूल प्रधानाध्यापिका श्वेता सिंह, राजकुमार तिवारी, कुलदीप विनायक, रेखा निगम, एसपी सिंह, विशंभर नाथ बजाज, संदीप जैन, जितेंद्र दंडोना, सरिता कोहली, पूनम मसीह, सुनील अग्रवाल, संदीप जैन, नीरज जैन, अनिल जैन, पंकज जैन, रोशन राणा, घनश्याम वर्मा सुनील कोहली स्कूल शिक्षिकाएं आदि लोग मौजूद रहे।




# तिरंगा लगाने को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का बयान गैर जिम्मेदाराना: धीरेंद्र

नगर संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप नें उत्तराखंड की भाजपा इकाई के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के उस बयान को गैर जिम्मेदाराना ठहराया है, जिसमें उन्होंने अपने घरों पर झंडा न लगाने वाले लोगों की देशभक्ति पर सवाल उठा दिए हैं और कहा है कि ऐसे लोगों पर विश्वास नहीं किया जा सकता।

धीरेंद्र प्रताप ने भाजपा अध्यक्ष के बयान को गैर जिम्मेदाराना बयान बताते हुए कहा कि जिस तरह से आज भाजपा के लोग राष्ट्र ध्वज तिरंगे के प्रति 'छद्म प्रेम' दिखा रहे हैं उसके कारण वह पूरे देश में उपहास का कारक बन गए हैं धीरेंद्र प्रताप ने कहा भाजपा और संघ के लोगों ने कभी भी तिरंगा ध्वज का सम्मान नहीं किया परंतु आज वोटों की राजनीति चमकाने के लिए वह तिरंगे की पैरोकारी करते दिखाई देते हैं। कहा कि कांग्रेस भारत के हर नागरिक की इस भावना का सम्मान करती है और भाजपा के इस नए कदम को दिखावा मात्र मानकर फिर भी इसका स्वागत करती है परंतु धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि इसका मतलब यह नहीं है जिस तरह से देश की जनता को यह कहकर धमकाया जा रहा है जो झंडा नहीं लगाते उन पर विश्वास नहीं कर सकते यह बात ठीक नहीं है।

अगर झंडा स्वेच्छा से और सम्मान से लगाया जाता है तो निश्चित तौर पर यह स्वागत योग्य कदम होगा परंतु कई जगह झंडा उपलब्ध नहीं होता तो सुदूर गांव में यह हमारा दायित्व है हम झंडे पहुंचाएं और झंडों को बेचने का धंधा न बनाएं बल्कि सम्मान पूर्वक इसे उपलब्ध कराएं। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष द्वारा तिरंगे झंडे के प्रति प्रेम को छदम प्रेम बताया और कहा कि आर एस एस और भाजपा के लोगों ने आजादी के 75 वर्षों में और आजादी से पहले भी कभी दिल से तिरंगे झंडे का सम्मान नहीं किया। परंतु अब जो बदलाव आया है, उसका उन्होंने स्वागत किया है।



## एक नजर

# हिज्बुल प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन के बेटे सहित 4 कर्मचारी बर्खास्त

जम्मू । जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन के प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन के बेटे और आतंकी वित्तपोषण मामले में आरोपी बिट्टा कराटे की पत्नी सहित चार कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया।अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सभी चारों कर्मचारियों को संविधान के अनुच्छेद 311 के तहत बर्खास्त किया गया है जिसमें सरकार को बिना किसी जांच के अपने कर्मचारी को निष्कासित करने की शक्ति प्राप्त है। अधिकारियों ने बताया



कि फारूक अहमद डार उर्फ बिट्टा कराटे इस समय आतंकवाद वित्तपोषण मामले में न्यायिक हिरासत में है। उसकी पत्नी अस्सबाह-उल-अर्जमंद खान जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा में अधिकारी थी और ग्रामीण विकास निदेशालय में कार्यरत थी। उन्होंने बताया कि सैयद अब्दुल मुईद उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक था। वह पाकिस्तान से संचालित आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन के सरगना सैयद सलाहुद्दीन का बेटा है।अधिकारियों ने बताया कि अन्य बर्खास्त कर्मियों में वैज्ञानिक डॉ.मुहीत अहमद भट्ट और कश्मीर विश्वविद्यालय में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक माजिद हुसैन कादरी शामिल हैं।

# पंजाब में 'एक विधायक-एक पेंशन' विधेयक को मिली मंजूरी

चंडीगढ़। पंजाब सरकार द्वारा लाए गए 'एक विधायक-एक पेंशन' विधेयक को राज्यपाल से मंजूरी मिल गई। आम आदमी पार्टी की सरकार यह विधेयक सीएम भगवंत मान की अगुवाई में विधानसभा में लाई। आज सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर बताया कि, बिल गवर्नर द्वारा पास कर दिया गया है। वहीं,



पंजाब के सीएम भगवंत मान ने ट्वीट कर कहा, इससे जनता के लिए काफी टैक्स की बचत होगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने यह सूचना अपने ऑफिशियल अकाउंट से हिंदी और पंजाब दोनों भाषाओं में दी है। यह पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से मिली मंजूरी के बाद हुआ है, अब विधायकों को केवल एक कार्यकाल के लिए ही पेंशन मिलेगी। एक विधायक-एक पेंशन विधेयक को पहले राज्यपाल ने लौटा भी दिया था। सूबे के काफी विधायक इस विधेयक का विरोध कर रहे थे। हालांकि, मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रक्रिया में आई अड़चनों के बावजूद उसे मंजूरी के लिए भेजा। राज्यपाल ने अब उसे मंजूरी दे दी है। इस विधेयक के लागू होने का मतलब है कि विधायकों को अलग-अलग मिलने वाली पेंशन का अंत हो गया है।

# जानलेवा हमले के बाद वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं सलमान रुश्दी

न्यूयॉर्क। भारतीय मूल के उपन्यासकार और प्रख्यात लेखक सलमान रुश्दी हमले के बाद फिलहाल वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। वहीं, रुश्दी पर हुए हमले की घटना को अमेरिका ने निंदनीय करार दिया है। व्हाइट हाउस में अमेरिका के राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए सलमान रुश्दी के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। सलमान रुश्दी




को 10-15 बार चाकू घोंपकर घायल किया गया है। गर्दन और धड़ में छुरा घोंपने के बाद घंटों की सर्जरी के बाद फिलहाल सलमान रुश्दी वेंटिलेटर पर हैं। रॉयटर्स ने अपने बुक एजेंट के हवाले से रिपोर्ट में कहा कि उनकी एक आंख की रोशनी भी जा सकती है। अमेरिकी पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। न्यूयॉर्क राज्य पुलिस ने सलमान रुश्दी पर हमला करने वाले संदिग्ध की पहचान न्यू जर्सी के 24 वर्षीय हादी मटर के रूप में की है। हालांकि इस घटना को उसने अंजाम क्यों दिया, इसके पीछे का मकसद अभी भी अज्ञात है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चल रही है विकास की कई योजनाएः धामी




हमारे संवाददाता

चम्पावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज गोरलचौड़ मैदान, चंपावत में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आयी महिलाओं ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी एवं उनके दीर्घ जीवन की कामना की। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को रक्षाबन्धन की बधाई देते हुए कहा कि रक्षाबन्धन कार्यक्रम में आशिर्वाद देने आई बहनों को विशेष धन्यवाद अर्पित करता हूं। उन्होंने कहा इस बार का यह पर्व हमारे लिये बहुत महत्वपूर्ण है, आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर आज देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। उन्होंने कहा 75 साल के कालखण्ड में देश ने जितनी उपलब्धि हासिल की है, उसे सजोने का पर्व मनाया जा रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। सम्पूर्ण देश में अमृत महोत्सव के हजारो कार्यक्रम सम्पन्न हो चुके हैं।

उन्होंने कहा की यह समय देश की आजादी के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले ज्ञात एवं अज्ञात सैनानियों, के साहस एवं वीरता से परिचित होने एवं उनको स्मरण करने का भी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 15 अगस्त के बाद हम आजादी के अमृत काल में प्रवेश करेंगे , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत को गढ़ने को नया रूप दिया जायेगा। आज भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व कर, दिशा देने का कार्य कर रहा है एवं हर क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज संपूर्णविश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्मान किया जाता है, जनता में लंबे समय बाद भारत के स्वर्णिम विकास की आस जगी है। विभिन्न क्षेत्रों में नए कार्यों की शुरुआत हुई है। जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों की कार्यशैली में बदलाव आया है। हर किसी में पूरे लगन से कार्य करने की इच्छाशक्ति का उदय हुआ है। देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, एवं अपनी अलग पहचान बना रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयुष्मान भारत योजना, जीवन ज्योति योजना, जन धन योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्जवला योजना जैसी तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका सीधा मकसद अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में जोड़ने का है। उन्होंने कहा हमारी सरकार ने संकल्प लिया है कि हम उत्तराखंड राज्य के 25वें वर्ष पर राज्य को प्रत्येक क्षेत्र में आगे ले जाएं। उन्होंने कहा चंपावत जिले को एक मॉडल जिले के रूप में विकसित करने हेतु हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अध्यक्ष वन विकास निगम कैलाश चन्द्र गहतोड़ी, अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, गीता धामी, जिलाध्यक्ष भाजपा दीप पाठक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा



देहरादून (सं)। व्यापारियों ने शहर में तिरंगा यात्रा निकाली। आज आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए व्यापारियों ने भी बड़े जोर शोर से तिरंगा रैली निकाली जिसमें देहरादून शहर के प्रतिष्ठित व्यापारियों ने भाग लिया। देश के सम्मान के प्रति समर्पित आज की तिरंगा रैली राष्ट्रीय व्यापार मंडल की उत्तराखंड इकाई के प्रदेश अध्यक्ष लच्छू गुप्ता तथा प्रदेश महामंत्री डी डी अरोड़ा की अगुवाई में निकाली गई और व्यापारियों ने देश प्रेम के नारे लगाते हुए बिंदाल पुल से यमुना कालोनी, किशन नगर चौक होते हुए पुन: बिंदाल पुल पर ही इस तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष राहुल अग्रवाल, महानगर महामंत्री नितिन जैन, संगठन महामंत्री राजकुमार तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप विनायक,सचिन जैन प्रदेश मंत्री राहुल चौहान,मीडिय प्रभारी मधु जैन, अमन गुप्ता, सरिता कोहली, सुनील कोहली,रेखा निगम,एस पी सिंह, नवीन नोटियल, नजीम राठी, अजय कुमार, विकास अरोड़ा नवीन आशीखान नौटियाल आदि कई व्यापारियों ने बढ़ चढ़कर आजादी के अमृत महोत्सव तिरंगा रैली में हिस्सा लिया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ अधिवक्ता ने दी तहरीर

नगर संवाददाता

देहरादून। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की ओर से दिए बयान के विरोध में आज एक अधिवक्ता द्वारा कोतवाली अंतर्गत धारा चौकी में तहरीर दी गई है। उन्होने मांग की है कि भाजपा नेता के खिलाफ कार्यवाही की जाये।

अधिवक्ता देवेन्द्र राणा की ओर से दी गयी तहरीर में भाजपा नेता के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है। बता दें कि कुछ दिन पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की ओर से एक बयान जारी किया गया था कि कोई घर तिरंगा लगने से न छूटे। कहा था कि वैसे भी जिस घर में तिरंगा नहीं लगा होगा, उस घर को लोग विश्वास की नजर से नहीं देख पाएंगे। उनके इस बयान का जगह-जगह विरोध चल रहा है। आज अधिवक्ता डीएस राणा की ओर से इस संबंध में धारा चौकी में तहरीर दी गई है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बीते रोज इस मामले में स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा था कि वे अपने घर के सबसे छोटे सदस्य से तिरंगा लगवाएं। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से तिरंगे के साथ फोटो खींचकर भेजने को कहा था। उन्होंने कहा कि वैसे भी यह स्वाभाविक है, किसी को स्वतंत्रता दिवस के दौरान तिरंगा लगाने में क्या परेशानी हो सकती है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर घर तिरंगा लगाने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री पूरे देश का होता है। फिर चाहे कांग्रेस हो या अन्य दल, सभी को तिरंगा लगाना चाहिए।

## मारपीट में चार नामजद

देहरादून (सं)। पुलिस ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले मे चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल्हाल निवासी महिला ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि कुंजा निवासी शकील, इमरान, साबिर व जीशान उसके घर में घुस आये और उसके साथ गाली गलौच करने लगे उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। उसकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग वहां पर पहुंचे तो हमलावर उसको जान से मारने की धमकी देकर चले गये।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*